/font>

Title: Need to expedite construction of Power House by NTPC in Roja area of Shahjahanpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh- Laid.

श्री राममूर्ति सिंह वर्मा (शाहजहांपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे शाहजहांपुर संसदीय क्षेत्र के रोजा क्षेत्र के अंतर्गत 14 गांवों की जमीन नेशनल थर्मल पॉवर कारपोरेशन का पॉवर हाउस बनाने के लिए जमीन अधिगृहीत कर ली गयी थी। इस कार्यवाही को 5 सालों से सरकार द्वारा चलाया जा रहा है और कुछ कृाकों को उनकी जमीन का मुआवजा भी दिया गया है। परन्तु अभी तक रोजा क्षेत्र की अधिगृहीत की गयी जमीन पर नेशनल थर्मल पॉवर कारपोरेशन का पावर हाउस बनाने का काम शुरू नहीं हुआ।

मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि यह पावर हाउस बनाने का कार्य कब तक शुरू किया जायेगा। अगर सरकार पावर हाउस बनाने का विचार नहीं कर रही है तो रोजा क्षेत्र के किसानों की अधिगृहीत की गयी जमीन पर सरकार क्या बनाने का विचार कर रही है।